नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण मे स्वच्छता पखवाडा मनाया

भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के मुख्यालय, इंदौर एवं क्षेत्रीय कार्यालयों मे 16 से 31 मार्च, 2017 तक स्वच्छता पखवाडा मनाया गया । इस अवसर पर दिनांक 25 मार्च, 2016 को नर्मदा कॉलोनी, इंदौर के रहवासी के बच्चो के लिए स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 10 वर्ष से 16 वर्ष की आयु के बच्चों ने भाग लिया ।

छाया चित्र :- नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण मे स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

दिनांक 26 मार्च, 2017 रविवार, सुबह स्वच्छता अभियान के तहत जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के आयुक्त श्री जे. चन्द्रशेखर अय्यर, श्री सतीश काम्बोज, वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त, श्री एम एस सहारे, वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त (एफ एम), एवं नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के श्री नरेश लाल, मुख्य अभियंता, श्री आर वासुदेवन, उप निदेशक तथा श्री राजेश ठक्कर, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी तथा नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने खेडीघाट बडवाह पर नर्मदा नदी के घाट पर सफाई की गई तथा उपस्थित लोगों को नदी को स्वच्छ रखने के बारे में संदेश देकर जागृत किया गया ।

छाया चित्र :- नर्मदा नदी, खेडीघाट, बडवाह पर सफाई एवं श्रमदान करते हुए

दिनांक 26 मार्च, 2017 रविवार को, अपराह्न चार बजे नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के मुख्यालय मे उपस्थित जल संसाधन मंत्रालय से आए आयुक्त एवं दो वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं नगर निगम से आए पार्षद का स्वागत किया गया तत्पश्चात डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, कार्यकारी सदस्य द्वारा उपस्थित व्यक्तियो को कार्यालय, रहवासी कॉलोनी, नगर, एवं देश को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई । श्रमदान एवं स्वच्छता संदेश रैली, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इंदौर नगर निगम एवं आसपास के रहवासियों के संयुक्त तत्वावधान में निकली गई । रैली मे आने वाले सभी व्यक्तियो को

छाया चित्र :- नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण कार्यालय मे रैली से पूर्व स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए डा. मुकेश कुमार सिन्हा, कार्यकारी सदस्य, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इन्दौर

इस रैली मे जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के आयुक्त श्री जे. चन्द्रशेखर अय्यर, श्री सतीश काम्बोज, वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त, श्री एम एस सहारे, वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त (एफ एम), नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के डा. मुकेश कुमार सिन्हा, कार्यकारी सदस्य, डा. अफरोज अहमद, (सदस्य पर्यावरण एवं पुनवार्स), श्री नृपेन्द्र कुमार, सदस्य (सिविल), श्रीमती सुमन सिन्हा, सदस्य (विद्युत), श्री नरेश लाल, मुख्य अभियंता, डा. पवन कुमार, निदेशक (पर्यावरण) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारों के सदस्य, नगर निगम, इन्दौर के स्वच्छता अभियान से जुडे श्रीमती पूजा पाटीदार (क्षेत्रीय पार्षद), श्री भरत देशमुख (क्षेत्रीय पार्षद), एवं अन्य अधिकारी तथा आसपास के कुछ रहवासी सम्मिलित हुए ।

छाया चित्र :- दिनांक 26 मार्च, 2017 को निकाली गई रैली का दृश्य

यह रैली नर्मदा सदन, योजना क्रमांक 74 से निकलकर योजना क्रमांक 74 एवं 78 की सडको की सफाई करते हुए तथा **स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत** के नारे लगाये हुए नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की रहवासी कॉलोनी, योजना क्रमांक 78, नर्मदा कॉलानी पहुची तथा नर्मदा कॉलानी मे श्रमदान करने के बाद दूसरे रास्ते से पुन: नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के कार्यालय पर आकर रैली समाप्त हुई ।

इस रैली के प्रचार प्रसार हेतु स्थानीय समाचार पत्र एवं इलैक्ट्रनिक मिडिया के रिपोर्टर भी शपथ मे शामिल हुए थे । रैली की विज्ञप्ति दैनिक भास्कर एवं नई दुनिया के दिनांक 26 एवं 27 मार्च, 2017 के समाचार पत्र में प्रकाशित हुई तथा दूरदर्शन के समाचार में भी इसे स्थान दिया गया था ।

जल संसाधन मंत्रालय तथा नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा बिलावली तालाब, इन्दौर का दौरा किया गया तथा इंदौर नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान एवं तालाब के गहरीकरण एवं अन्य विषयों पर अध्यक्ष,जल समिति, इंदौर नगर निगम एवं उस क्षेत्र के पार्षद एवं उपस्थित लोगों से चर्चा की गयी । इस जलाशय द्वारा इन्दौर के कुछ क्षेत्रो मे पेयजल प्रदाय किया जाता हैं ।

छाया चित्र :- बिलावली तालाब, इन्दौर पर इन्दौर नगर निगम, के अधिकारियों से चर्चा करते जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय एवं नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण

रैली से संबंधित समाचार एवं छायाचित्र नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की बेवसाईट पर भी अपलोड किए गए है।

श्री डी. इलनचेजियन, कार्यपालक अभियंता (भवन), क्षेत्रीय कार्यालय, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी हैं तथा संदेश रैली एवं पखवाड़े के सफल आयोजन मे उनका एवं भवन शाखा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं राजेश ठक्कर, सहायक जन-सम्पर्क अधिकारी का योगदान भी सराहनीय रहा ।

क्षेत्रीय कार्यालय, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, वडोदरा (गुजरात) मे भी श्री पी वी बैजु, उपनिदेशक (सिविल) के निर्देशन मे स्वच्छता पखवाडा मनाया गया तथा केन्द्रीय जल आयोग एवं सरदार सरोवर निर्माण सलाहाकार सिमति, वडोदरा के साथ रैली निकाली तथा नर्मदा प्रोजेक्ट कॉलोनी एवं वडोदरा शाखा नहर पर सफाई एवं श्रमदान किया । केन्द्रीय जल आयोग, वडोदरा के साथ दिनांक 23 मार्च, 2017 को नर्मदा प्रोजेक्ट कॉलोनी मे सफाई एवं श्रमदान किया तथा सरदार सरोवर निर्माण सलाहाकार सिमति, वडोदरा के साथ दिनांक 29 मार्च, 2017 वडोदरा शाखा नहर पर सफाई एवं श्रमदान किया गया ।

छाया चित्र :- वडोदरा शाखा नहर पर सफाई के अवसर पर लिए गए छाया चित्र

क्षेत्रीय कार्यालय, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, भोपाल तथा उनके अधीन होशंगाबाद एवं मंडला कार्यालयो मे भी श्री योगश पुर्सवानी, उपनिदेशक (सिविल) के निर्देशन मे स्वच्छता पखवाडा मनाया गया । कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ने फाईलो को साफ कर तथा कार्यालय एवं आसपास के क्षेत्र मे श्रमदान कर साफ सफाई की गई तथा सभी कार्यालयो मे स्वच्छता संबंधी बैनर भी लगाऐ गए ।

छाया चित्र :- क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल मे श्रमदान के अवसर के छायाचित्र